आजकल चीटियां

हैरान हूं मैं
बहुत हैरान हूं
यह जानकर कि चीटियो ने
सैकडो वर्ष पुरानी
परम्पराओ को तोड डाला है
मान्यताओं को मिटा डाला है और
आजकल मीठी चीजो की ओर
देखती भी नहीं हैं ?
आजकल चीटियां
काटती भी कम हैं
मनुष्य के व्यक्तित्व की मिठास
कम जो गई है ?
निराश हो छोड दिया
मीठा ही खाना ?
नमकीन दीख जाय तो दौड पडती हैं
और अगर वह हल्दीराम का
हुआ तो ? बाबा रे लाइन ही लगा देती है ?
आजकल चीटियां
ाब्हुत हेल्थ कांसस हैं
डाइबिटीज ना हो जाय
इसलिए मीठा खाना छोड ही दिया?
आजकल चीटियां
अकसर फोन के कनेक्शन के गिर्द
या उसके तारों पर
रेंगती नजर आती हैं ?
आजकल चीटियां
हाई टेक हो गईं है
टेलीफोन की टेक्नोलोजी
समझ लेना चाहती हैं
या फोन पर लोगों की बातें
सुनने को बेताब ये चीटियां
नजर आती हैं हर जगह हर कहीं
रहता हो आपके घर में
अगर कोई जवान जोडा
बढ जाती है बहुत परेशानी उनकी
चीटियां कभी फोन के कनेक्शन के गिर्द
या उसके तारों पर रेंगती नजर आती है
बहुत परेशान है मेरी सुमी आजकल
गालियां भी देती है
बेहया बेशर्म बदमाश
पर ये वैसे ही रेंगती दौडती भागती नजर आती है
आजकल चीटियां
आखिर इक्कीसवी सदी की हैं
क्यों हो पुराने जमाने जैसी ?